This question paper contains 2 printed pages.

8186 आपका अनुक्रमांक ....

B.Ed.

A

Paper— IV (*a*)

METHODS OF TEACHING— HINDI (B)

समय : 1½ घण्टे *पूर्णांक :* 35

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिये गये निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

प्रश्न सं० 1 अनिवार्य है।

शेष प्रश्नों में से कोई दो प्रश्न कीजिए।

1. 'कविता पढ़ाई नहीं जा सकती है। अध्यापक का कार्य तो केवल ऐसी परिस्थितियों का निर्माण करना है जिनके द्वारा कविता अपनी संपूर्ण संभावनाओं के साथ छात्रों के सम्मुख प्रकट हो सके।'- इस कथन पर समीक्षात्मक टिप्पणी कीजिए। उच्चतर माध्यमिक स्तर पर इस दृष्टिकोण को किस प्रकार क्रियान्वित करेंगे? 11

2. उच्चतर माध्यमिक स्तर पर हिन्दी साहित्य के इतिहास के शिक्षण के उद्देश्य स्पष्ट कीजिए तथा किसी एक काल विशेष की प्रवृत्तियों की शिक्षण विधि का सोदाहरण उल्लेख कीजिए। 12

3. ग्यारहवीं कक्षा के लिये हिन्दी गद्य-पद्य की एक समन्वित पाठ्य-पुस्तक का निर्माण करते समय आप किन बिंदुओं को ध्यान में रखेंगे? सोदाहरण विवेचन करते हुये पाठ्य-पुस्तक की एक संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए। 12

P.T.O.

4. उच्चस्तरीय लेखन कौशल से क्या अभिप्राय है? उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों में लेखन कौशल के विकास के लिये आप क्या उपाय करेंगे? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 12

5. निम्नलिखित पर टिप्पणी कीजिए:

(क) उद्देश्यनिष्ठ मूल्यांकन भाषा-शिक्षण की दिशा का निर्धारक तत्त्व है।

(ख) लक्षणा एवं व्यंजना शब्द-शक्तियों के अन्तर के स्पष्टीकरण की युक्तियाँ। 12

★